# <u>जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर</u>

**क्रमांक/जीविवि/परीक्षा/गोपनीय/2018/12** **दिनांक : 03.01.2018**

प्रति,

**<u>आवश्यक सूचना</u>**

**प्राचार्य/प्राचार्या**
**अग्रणी एवं उत्कृष्ट महाविद्यालय**
**जिला-ग्वालियर,भिण्ड,मुरैना,शिवपुरी,गुना,अशोकनगर,दतिया एवं श्योपुर**
**जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र,**
**ग्वालियर**

विषयः- आपके जिले के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रायोगिक परीक्षा के कारण ए0टी0के0टी0 प्राप्त छात्र/छात्राओं की परीक्षा **दिसम्बर-2017** के लिये आपके महाविद्यालय को जिले का प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र नियुक्त किये जाने बावत्।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राऐं जिनको प्रायोगिक परीक्षा में **<u>अनुपस्थित/अनुर्त्तीण</u>** होने के कारण प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में ए0टी0के0टी प्राप्त है। ऐसे छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा वर्ष **दिसम्बर-2017** हेतु तृतीय सेमेस्टर के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षको को आमंत्रित कर प्रायोगिक परीक्षा कराने की व्यवस्था करें, आप अपने जिले के अधीन अधीनस्थ महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त ए.टी.के.टी. छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा अनिवार्य रूप से सम्पादित कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की हार्डकॉपी दिनांक **<u>18 जनवरी 2018</u>** तक आवश्यक रूप से गोपनीय विभाग में जमा करे।

**नोट** :-यदि महाविद्यालय किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय में जमा नहीं करता है तो ऐसे छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा तथा ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे।

आपसे अनुरोध है कि, परीक्षा जैसे अत्यावश्क कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा परीक्षा कार्य को समयावधि में पूर्ण कराने का कष्ट करें।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि :-**

1. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

**उपकुलसचिव (गोपनीय)**